# तेरे कारण तेरे कारण कृष्ण भजन लिरिक्स

तेरे कारण तेरे कारण,
तेरें कारण तेरें कारण,
सारा दु:ख सह लिया,
पर तेरा सुमिरन किया,
सुख दु:ख दोनों एक समझकर,
अपना जीवन दिया रे कन्हैया,
तेरें कारण तेरें कारण,
तेरें कारण तेरें कारण।bd।

तर्ज – तेरे कारण तेरे कारण।

---

मीरा थी तेरी दीवानी,
बेशक महलो की रानी,
पर तेरे नाम लिखी थी,
उसने अपनी जिंदगानी,
राणा ने विष दिया,
और ख़ुशी ख़ुशी पी लिया,
अमर हो गई मीरा बाई,
ऐसा जीवन जिया रे कन्हैया,
तेरें कारण तेरें कारण,
तेरें कारण तेरें कारण।bd।

---

माया से मुख था मोड़ा,
पर तेरा नाम ना छोड़ा,
दुनिया का छोड़ भरोसा,
पटका तेरे नाम का ओढ़ा,
ऐसा खेला किया,
और तेरा सहारा लिया,
दुनिया की भी खुल गई आँखे,
ऐसा भांत भर दिया रे कन्हैया,
तेरें कारण तेरें कारण,
तेरें कारण तेरें कारण।bd।

---

जबसे अपने जीवन में,
हमने तुमको अपनाया,
दु:ख को सुख कर दिया पल में,
ये सब है तेरी माया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ओ जादूगर पिया,
तूने कैसा जादू किया,
'श्याम सुन्दर' भी गुण गाए तेरा,
तुमसे जीवन लिया रे कन्हैया,
तेरें कारण तेरें कारण,
तेरें कारण तेरें कारण।bd।

---

तेरें कारण तेरें कारण,
तेरें कारण तेरें कारण,
सारा दुःख सह लिया,
पर तेरा सुमिरन किया,
सुख दुःख दोनों एक समझकर,
अपना जीवन दिया रे कन्हैया,
तेरें कारण तेरें कारण,
तेरें कारण तेरें कारण।bd।

**Singer – Kumari Gunjan**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com